Sir, the third point I would like to make is this. Here, I think, both the hon. Ministres are wrong and my friend Mr. Vayalar Ravi is also wrong. They are trying to see the West Bengal situation like they see in some of the B.J.P. dominated States. In West Bengal, rural administration is run by Panchayats. Since 1978, for 20 years now, rural administration is run by Panchayats. Sir, 50% of the money is spent through Panchayats. Panchayats have done many things. I am not going into it. One of the best things Panchayats have done is relief works.

Mr. Chairman, Sir, in 1979, for the first time there was a big flood and 1/3rd of the land in West Bengal was submerged and at that time Panchayats came into operation. Probably, that was the first time in the country, a calamity of that magnitude took place in the State, not a single person left his village because the relief reached every village. I am sure, if Mr. Som Pal goes now he will see something different. What he did was just a casual visit. Just a view over here and there. But, if he goes back now, he will see as to how the relief has been organised by the Panchayats, how things have been streamlined because in West Bengal you have a tremendous expertise on relief management. You may say that we cannot do this and we cannot do that. You can accuse us of many inefficiencies but that will not include relief management. We are the best in relief management. We do not allow villagers to leave villages and go to towns which is a general picture in the country. This is not the case with West Bengal. I am sure, although I had not been the Dantan, this is the same case in Dantan too. I am only saying that the hon. Minister should try to update the report and, if possible, the second report should also be included —on N.G.O's question. Here, again, I would like to raise this point of N.G.O's involvement. What does it mean? We have two very prominent N.G.O. organisations in West Bengal. Both have some religious connection. But, well established. One is Bhagavat Sevashram Sangh and the other is, Ramakrishna Mission. Both of them have very close relationship with the Government of West Bengal. They work very well. If there is any problem, immediately they contact the State Government. The State Government has got all kinds of ways. They go there and do wonderful relief works. As far as relief is concerned, we always rely on them on many occasions. We know their impartial service. Whatever be their position, views and philosophy, they are impartial. We know it. We give it to them. We have also seen in many cases. Whenever there are such calamities, some little groups here, some little groups there, go there, distribute some items and want to take political advantage out of it.

We also saw in 1992 disaster, when Babri Masjid was demolished, and when

there were mini riots in some parts of Calcutta, and the Government was carrying out relief work, some voluntary organizations also wanted to give relief. We stopped that because there was some suspicion that they were using this for political reasons. This is the point which one has to understand. It is not every body is Bharal Seva A: Sangh. It is not that everybody is R: rishna Mission. But, there are people with ulterior motives who use calamities to serve their own political ends for their own nefarious activities. We cannot permit this. So, these were some of the issues which I wanted to raise. I hope, the Minister will reply to this.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति जी, जब मेरे मित्र बोल रहे थे तो मुझे एक शेर याद आया। आप मुझे भी अपनी बात कहने की उसी तरह इजाजत दीजिये जैसे आपने माननीय गुरुदास दासगुप्त जी को, डा॰ बिप्लव दासगुप्त और माननीय मोहम्मद सलीम को अपनी बात कहने का अवसर दिया है।

हम आह भी भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम।
वो कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होता।।

अपनी पाकीजगी को साबित करना कोई अपने कम्युनिस्ट मित्रों से सीखे। आक्रमण पर आक्रमण करना और अपनी बड़ी से बड़ी गलती को छिपाना और अपनी गलत बात को सही साबित करना, इस काम में ये लोग माहिर है। मैं यह बताना चाहता हूं कि यह सारा का सारा खेल आंखों का है। जो आंखों पर रंगीन चश्मा लगाकर देखेगा उसको सब चीजें रंगीन दिखाई पड़ेगी। इन लोगों के मन में यह आरोप तब से है जब से माननीय प्रधान मंत्री जी ने, प्राकृतिक विपदा के ऊपर सहज स्वभाव से प्रेरित होकर वहां पर सहायता के लिए एक दल भेजा। उन्होंने सबसे पहले माननीय इन्द्रजीत गुप्त से पूछा। यदि वे कहते कि मैं नहीं जाउंगा कोई दूसरा जाएगा जो जरूर उस दूसरे को भेज दिया जाता। लेकिन उनकी सारी की सारी चिढ़ इस बात की है कि माननीया ममता बनर्जी क्यों चली गई? यह तो ममता जी के प्रति चिढ़ है। जो बात बिप्लव दासगुप्त जी ने कही, जो बात गुरुदास दास गुप्त जी ने कही, मैं निवेदन कर रहा हूं कि मैं उसकी सारी पृष्ठभूमि बता रहा हूं। जिस पृष्ठभूमि में यह रंगीन चित्र उभरता है। यह सारे का सारा आरोप, यह चिढ़ इस बात पर है कि वहां क्यों ममता बनर्जी कांग्रेस का सारे का सारा वोट ले गई। क्यों वहां पर चुनावों में इस बार सीपीएम को हार देखनी पड़ी?... **(व्यवधान)** इन्होंने 6 दिसम्बर की बात कही है। मैं यह भांपता रहा हूं कि पृष्ठभूमि स्पष्ट होनी चाहिये। यह सारी की सारी मनोवृत्ति कहां से उभरी है? इस पीड़ा की मनोवृत्ति से कि "खिसयानी बिल्ली खम्भा नोचे"। सब सही बातों पर गलत आरोप क्या करते हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने स्वतः प्रेरित होकर वहां सहायता के लिए एक दल भेजा। वे इसमें क्यों आपत्ति करते हैं? उसके लिए प्रशंसा की जानी चाहिये, उसके लिए कृतज्ञता होनी चाहिये। जो काम माननीय मुख्य मंत्री को करना चाहिये था उसके लिए वे कब सक्रिय हुए, मुझे मालूम नहीं लेकिन वह काम माननीय प्रधान मंत्री जी ने कर दिया। इस बात के ऊपर इनको आपत्ति है। मैं इनको बताना चाहता हूं कि यह सारे का सारा खेल इसलिए चल रहा है कि वे अपनी असफलताओं को गलत ढंग से छिपाना चाहते हैं। सही बात यह है कि वहां पर पंचायतों के माध्यम से पूरा राजनीतिकरण कर दिया गया है। सरकारी कार्यकलाप का पश्चिम बंगाल का प्रशासन प्रत्येक स्तर पर...

श्री सोमपालः माननीय सदस्य मात्र स्पष्टीकरण पूछ लें।

श्री विष्णु कान्त शास्त्रीः मैं वही कह रहा हूं और पृष्ठभूमि स्पष्ट कर रहा हूं। पंचायत के माध्यम से सेवा करने का काम करते हैं। ...**(व्यवधान)**

श्री सभापतिः आप सवाल कीजिये। जो मंत्री जी से पूछना है वह सवाल करिये।

श्री विष्णु कान्त शास्त्रीः मेरा यह कहना है कि क्या केन्द्रीय सरकार को ज्ञात है कि राम कृष्ण मिशन और भारत सेवा आश्रम को कब से काम करने की अनुमति दी गई है? मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या यह अखबारों में निकली खबर स्पष्ट है कि पहले उन्होंने राम कृष्ण मिशन को काम करने के लिए अनुमति नहीं दी? क्या यह सच है कि वहां केवल उन्होंने अपने राजनीतिक कार्यकर्ताओं के द्वारा सहायता करने की चेष्टा की थी और जब इसका प्रबल विरोध हुआ तब उनको बाध्य होकर राम कृष्ण मिशन और भारत सेवा आश्रम संघ को सहायता करने की, सेवा करने की अनुमति देनी पड़ी?

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या यहां के रेजीडेंट कमिश्नर ने, पश्चिम बंगाल के रेजिडेंट कमिश्नर ने आपसे कोई सहायता मांगी थी? क्योंकि हमको बताया गया है कि आपका यह कर्तव्य था कि हम रेजीडेंट कमिश्नर को सूचित करें। तो मैं जानना चाहता हूं कि क्या रेजीडेंट

कमिश्नर का यह कर्तव्य नहीं था? मैं जानना चाहता हूं कि क्या पश्चिम बंगाल सरकार के स्थानीय रेजीडेंट कमिश्नर ने आपसे सहायता मांगी थी? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री ने इस विषय में कब आपके पास सूचनायें भेजी थी और कब वहां की सरकार की तरफ से सहायता की मांग आई थी? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में इसकी व्यापक रूप से कटु आलोचना हुई थी कि पश्चिम बंगाल सरकार सक्षमता के मामले में बहुत फिसड्डी है, वह कुछ नहीं कर पा रही है तो तब ही क्या उनकी तरफ से मांग आई थी यह भी मैं आपसे जानना चाहता हूं।

मैं यह भी जानना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)... मैं सवाल ही पूछ रहा हूं...

श्री वसीम अहमद: लगता है कि साइक्लोन पोलिटिक्ल हो गया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मैं सवाल पूछ रहा हूं कि पश्चिम बंगाल सरकार को जो 31 करोड़ 92 लाख रुपया राहत कोष के लिए दिया गया था क्या यह सच है कि उसको खर्च नहीं किया गया। वास्तव में यह धनराशि मार्च से पहले खर्च कर लेनी चाहिए थी। राहत कोष के लिए जो 31 करोड़ 92 लाख रुपया भेजा गया था उसको खर्च तक नहीं किया है यह उनकी काम करने की क्षमता का एक प्रमाण है।

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि इस समय वहां पर जो ...(**व्यवधान**)... में पश्चिम बंगाल का रहने वाला हूं। मैं जानता हूं कि पश्चिम बंगाल की सरकार को कितनी विपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। मैं जानता हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी: पार्लियामेंट का मेंबर कहीं से भी राज्य सभा में आ सकता है। वह अलग अलग जगहों पर रहता है और अलग अलग जगहों पर उनके मकान हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: पश्चिम बंगाल सरकार के कर्तत्व के बारे में जो आपकी राय है वह भी मैं जानना चाहूंगा। मैं यह भी जानना चाहता हूं कि अगर वहां राहत के मामले में कोई कमी है तो आप उस कमी को कैसे दूर करेंगे, इसके बारे में आप बताने की चेष्टा करें?

श्री संजय निरूपम (महाराष्ट्र): सभापति जी, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के समुद्र तटों के क्षेत्र में पिछले महीने जो इतना बड़ा तूफान आया, इतनी बड़ी बरबादी आई, उस पर बहस करते समय टोकाटोकी और राजनैतिक तौर पर बात करने को देखकर मुझे बड़ा आश्चर्य हो रहा है और सवाल यह उठाया जा रहा है कि इस तूफान की सूचना सरकार को कब मिली, प्रधानमंत्री जी को कब मिली और कृषि मंत्री जी को कब मिली। मेरा सवाल यह है कि उस तूफान की सूचना, इसकी पूर्व सूचना मिदनापुर और बालासौर के जो ग्रामीण लोग थे, जो बेचारे इसमें मारे गए, जिनका नुकसान हुआ, उनको इसकी पूर्व सूचना कब मिली। मंत्री जी ने अपने स्टेटमेंट के पैरा 3 में कहा है कि मेट्रोलाजीकल डिपार्टमेंट ने इसकी पूर्व सूचना दी थी और दूरदर्शन तथा आल इंडिया रेडिया की तरफ से वार्निंग दी गई थी और इसकी आशंका जताई थी। लेकिन जहां तक मेरे पास जानकारी है, अखबारों के जरिए जो मुझे जानकारी मिली है वह यह है कि मिदनापुर और बालासौर जो क्षेत्र है वह इतना पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, वह इतना बैकवर्ड एरिया है कि न वहां के गांवों में टेलीविजन है और न रेडियो हैं। हो सकता है कि कुछ घरों में हों लेकिन अधिकांश क्षेत्र और बहुत सारे गांव ऐसे हैं जहां पर टेलीविजन और रेडियो नहीं है, कोई संचार का माध्यम नहीं है, कोई साधन नहीं है। मैं मंत्री महोदय को बताना चाहता हूं कि उन्होंने जो अभी आंखों देखा हाल बताया तो उसमें यह इन्फर्मेशन दें कि क्या सचमुच उन गांव वालों को ऐसी कोई जानकारी दी गई थी, ऐसी कोई सूचना दी गई थी? क्योंकि जब जब इस तरह की प्राकृतिक आपदायें आती हैं तो इस तरह से देखा गया है कि जिन क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदायें आती हैं वह बहुत पिछड़े होते हैं। महाराष्ट्र में जब लातूर में भूकम्प आया था, मराठवाड़ा क्षेत्र में, तो वह इतना पिछड़ा क्षेत्र है कि वहां पर संचार के साधन नहीं है। वहां से खबर आते आते 4-5 घंटे लग गए थे, उस समय जब कि हम मुंबई में थे। तो सबसे पहली जरूरत यह है, यह मेरा सुझाव है इसे आप मेरी क्लेरीफिकेशन भी मान सकते हैं कि जिन क्षेत्रों में इस तरह की आशंकायें बनी हुई हैं इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं की आशंकायें है, हमारा मेट्रोलाजीकल डिपार्टमेंट बता रहा है...

उन क्षेत्रों में सब से पहले संचार का पर्याप्त साधन उपलब्ध कराया जाए वरन् यह जो रिपोर्ट आती है कि मौसम विभाग ने इसकी पूर्व सूचना दे दी थी या इस तरह का बयान आता है, उसका कोई अर्थ नहीं होता। सब से पहला मेरा सुझाव और क्लेरीफिकेशन यही है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं, मुझे कोई भाषण नहीं देना है। मंत्री महोदय ने अपने वक्तव्य के 10वें अनुच्छेद में यह क हा है कि 1997-98 में कई राज्यों में प्राकृतिक आपदाएं आई थी, उनमें महाराष्ट्र का भी नाम

है। मंत्री महोदय, में इस विषय में थोड़ा अलग होते हुए प्राकृतिक आपदाओं के विषय में बताना चाहता हूं। महाराष्ट्र में पिछले एक साल में, पिछले महीने तक तीन बार ओला वृष्टि हुई है। इस ओला वृष्टि में, इस पर कल बहस भी चल रही थी, दुर्भाग्य से शोर-शराबा भी हुआ, विदर्भ क्षेत्र की जितनी फसलें थी सारी बरबाद हो गई। राज्य सरकार के पास इतन फंड नहीं है कि वह काश्तकारों के लिए, किसानों के लिए राहत की पर्याप्त राशि मुहैया करा सके। मुझे यह जानना है इस संदर्भ में कि जो ओला वृष्टि से नुकसान हुआ है, उसके संबंध में जो केन्द्रीय सरकार के पास राहत कोष है, उससे महाराष्ट्र सरकार को कितने पैसे दिए गए या नहीं दिए गए? धन्यवाद।

SHRI W. ANGOU SINGH (Manipur): Mr. Chairman, I want to seek a clarification from the hon. Minister.

In para 10, the hon. Minister has given a list of States affected by National calamity during the year 1997-98. But Manipur which was affected in that year, has not been included in the list. I myself had met the then Agriculture Minister, Shri Chaturanan Mishra, in that year. He had assured me that he would give assistance. May I know from the hon. Minister why Manipur has been excluded from the list?

SHRI GOPALSINGH G. SOLANKI (Gujarat): Mr. Chairman, Sir, it has been reported that the tornado hit the area in the afternoon of 24th. At the same time, it has also been stated in the statement that the I.M.D. officials had reported and had warned the officials of the State Governments and that they had broadcast it on AIR and Doordarshan. I want to know what steps were taken by the State officials immediately on receipt of such information. Has the information about the steps taken by the State Governments come to the notice of the hon. Minister?

The tornado has affected about 35,000 or 40,000 people. Their houses have collapsed. I want to know from the hon. Minister what steps are being taken to rehabilitate the affected people and to rebuild their houses.

Thank you.

SHRI SOM PAL: Mr. Chairman, Sir, I thankful all the hon. Ministers for taking such a keen interest and for seeking clarifications on my statement on this calamity which hit about one-and-a-half dozen villages of the two States in the coastal areas of the Midnapore district of West Bengal and the Balasore district of Orissa.

First of all, hon. Shri Pranab Mukherjee wanted to know whether the observations of both the groups had been included. Yes, and it is much more because as rightly observed by hon. Dr. Biplab Dasgupta and other hon. Members, they were just on the spot visits of hardly two or three villages. The complete reports were provided only by the two States, and all the information which has been provided by the two States has been included in the Statement.

So far as permanent rehabilitation programmes are concerned, these are always undertaken by the State Governments. They are all on-going programmes. Here we are concerned only with the emergent situation which has been caused by this calamity.

On the question whether requests from Governments of West Bengal and Orissa for additional assistance and for a Central team have been received, I would like to inform that the Orissa Government has sent no request or report so far as the question of sending a team is concerned. But, the West Bengal Government has sent in a request for providing some additional assistance amounting to Rs. 30 crores. I will just verify the amount. But, what I would like to say is that a detailed account of it has not been sent. A decision on it will be taken in due course when the information is received.

Regarding services of HUDCO and long-term measures, again I would revert to my reply given earlier.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, the hon. Minister seems to say that the West Bengal Government has not sent adequate information, but my question is

whether they have informed them that their information is inadequate.

SHRI SOM PAL: We are already in communication. Communication means exchange of information.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, the hon. Minister has said because of inadequate information a Central team cannot be sent. I am asking him if inadequate information has been sent, whether the Central Government has asked the State to give proper information so that a Central team could be sent.

SHRI SOM PAL: I will respond to that. The figures in the statement about the damage are based on the latest reports from the State Governments, including the two teams.

Yes, the Government of West Bengal had been asked to submit a detailed memorandum, which they have yet to do. This is the latest position till this moment. Even today our officers spoke to the Orissa State Government and requested for latest report. They said that they will try. But, today being a holiday in Orissa, it is difficult. So, no report has been received. This is the response from the Orissa Government.

The West Bengal Government did send its latest report yesterday, but no detailed memorandum. We have requested them to submit a detailed mamorandum. After receipt of it we will take a decision on despatching a Central team to assess whether some additional funds are required by them or not.

So far as the request for advance release of funds is concerned, we have not received any request. This was a decision by the Central Government just to provide as advance release which will be adjusted naturally in the next year's account.

Hon. Member, Shri Vayalar Ravi talked about relief operations. I will repeat my observation that it is always undertaken by the State Governments in all cases and the amount of relief to be provided is also decided by the State Governments. In all such cases we have to depend upon the sensitivity and wisdom of the State Governments, which are duly elected representatives. The scale of relief is also decided by them. But, so far as your suggestion on enhancing the scale of relief is concerned, this can be considered and discussed. In my view some such course to meet such calamities must be evolved. If the relief scale can be enhanced, I would support the idea, but this is done in consultation with all the States, NDC, the Planning Commission and all that, but it takes a long time.

SHRI VAYALAR RAVI: Will you prevail upon the Government to give them more ration and more clothes? Only one saree and one dhoti is provided.

SHRI SOM PAL: The scale of relief is decided by the State Government. This is the situation.

SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI: Mr. Das Gupta is taking note of it.

SHRI SOM PAL: As I said, this Calamity Relief Fund is administered by a Committee headed by the Chief Secretary of the State and the norms are basically evolved by them only and the Government of India comes into action only after the receipt of a request for additional aid if the State Government is not able to meet the requirement from its funds which are already available.

Mr. John Fernandes raised a question about cyclones. It was not a cyclone. A cyclone is a phenomenon which is wider. I would like to be excused by hon. Shri Biplab Dasgupta again for venturing into this scientific jargon which I am not conversant with. I am not a scientist of any standard. Therefore, I cannot be authoritative as well as authentic on that. But whatever I have gathered from the IMD people, I may just repeat. I am depending on the definition provided by them only. Cyclones can be monitored because these can be observed through satellites. But thunder-squalls, the kind of which has occurred in West Bengal, are a

very abrupt phenomenon and sudden thermal gaps occur in the atmosphere and the wind comes from several directions to converge in a place and it assumes a lethal shape and a speed of up to 200 kilometres per hour. Therefore, the time as well as the area affected is very limited which has happened in this case. So, there is no contention about the definition and it does not help. After all, it is a calamity.

So far as the question of Mr. Fernandes and his suggestion about medical relief being provided is concerned, all that I will again repeat is that we have to depend on the State Government. And, if we try to do something in spite of the State Government, the kind of objection which has already been made that we are trying to intervene will come in. Therefore, all the time, we have to depend on the State Government unless they seek some additional assistance.

Mr. Sanatan Bisi wanted to know about the amount released. Yes, these two tranches to both the States had been released precisely on the 26th March, 1998. And some amount, in both the cases, has been unspent of which the details have been given in the statement itself—Rs. 8.12 crores in the case of Orissa and Rs. 31.92 crores in the case of West Bengal. On why it was not spent, again, it might not have been needed by now, simply.

As for the poverty alleviation programmes which Mr. Bisi wanted to know, this as a general ongoing developmental activity and does not concern an emergency relief.

On Mr. Salim's point, I was pricked by your remark that there are some Ministers who do not know what villages are. I would like to inform the hon. Member, though it is not required, that I am a farmer and I still do my farming with my own hands. And this remark at me was totally uncalled for and from a friend like Mr. Salim who knows who I am. Therefore, I took a bit of a small exception, but still I do not mean any hurt.

जहां तक सलीम साहब आपका प्रश्न है कि कब जानकारी मिली, तो माननीय प्रधान मंत्री महोदय को ठीक साढ़े नौ और दस बजे के बीच में जानकारी मिली और स्रोत जो है वह मैं आपको बता दूंगा। वह मैंने अपने वक्तव्य में जान-बूझ कर नहीं लिया, क्योंकि आप और परेशान हो जाते। केवल एक व्यक्ति ने, और किसी एजेंसी ने नहीं, न किसी सरकार ने, न मैं उड़ीसा का नाम लेना चाहता हूं, न बंगाल का, न किसी रेजीडेंट कमिश्नर का, मात्र माननीया ममता बैनर्जी ने टेलीफोन के ऊपर प्रधान मंत्री को सूचना दी और ठीक साढ़े दस बजे प्रधान मंत्री कार्यालय ने मुझे सूचना दी और यह निर्देश दिया कि सुबह नौ बजे और साढ़े नौ बजे के बीच में पालम से फ्लाइट जाएगी और उसमें हमें जाना है। आपने यह पूछा कि कब पहुंचे, तो ठीक बारह बजे कलाइकुंडा उतरे। वहां से सड़क के ऊपर कार से तीन बजे सारता विलेज गए। वहां जाने के बाद कुछ ऐसी चीज़ें हैं जिन्हें मैं कहना नहीं चाहता। वह मैं आपको बाद में बता दूंगा, नहीं तो और झंझट पड़ जाएगा। फिर हम उड़ीसा गए।...(**व्यवधान**) बट प्लीज़ होल्ड आस्क और उसके बाद... (**व्यवधान**)

श्री मोहम्मद सलीम: गुप्ता जी से कब कांटेक्ट किए?

[ ]

श्री सोमपाल: गुप्ता जी से माननीय प्रधान मंत्री जी ने रात्रि में ही संपर्क किया और माननीय गुप्ता जी ने कहा कि वह अगले दिन जाने की स्थिति में नहीं हैं।...(**व्यवधान**)

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: माननीय मुख्य मंत्री जी ने आपको बताया या नहीं बताया?

श्री सोमपाल: मैं आपको बता दूंगा। आपका नंबर आने वाला है। अभी मैं किसी का जवाब छोड़ने वाला नहीं।

जहां तक आप ने पूछा कि वह टीम, सेंट्रल टीम तो नहीं थी? निश्चित रूप से नहीं थी। वह तो एक इंस्टेंटेनियस रिस्पांस था, पॉलिटिकल नहीं था।

It was a sheer humanitarian response of the sensitive Prime Minister to an information provided by the hon. Member, Ms. Mamta Banerjee.

[ ]Transliteration in Arabic Script.

जो टिप्पणी मैं करना नहीं चाहता, श्री गुरुदास दासगुप्त जैसे वरिष्ठ और प्रबुद्ध सांसद, मेरे मुख में रखें तो कैसी स्थिति होगी? प्रधान मंत्री राहत कोष से जो राशि दी गयी है, वह इन सब से अलग है। वह सिर्फ मृतकों और हताहतों को दी गयी है। उस का इस कैलामिटी रिलीफ या नेशनल कैलामिटी रिलीफ फंड से कोई संबंध नहीं है। जहां तक रेजीडेंट कमिश्नर का सवाल है, मैंने कहा कि न उन की तरफ से कोई सूचना मिली, न उन्होंने कोई संपर्क किया और न हम ने उन से किया। जो भी सूचना दी गयी वह पश्चिम बंगाल सरकार को चीफ सेक्रेटरी के माध्यम से, प्राइम मिनिस्टर के ऑफिस के माध्यम से दी गयी। मोहम्मद सलीम साहब, जानना चाहते थे कि केन्द्र सरकार इस में क्या करेगी? मुझे समझ नहीं आता कि मैं इस स्थिति को कैसे रिकंसाइल करूं। एक तरफ कहते हैं कि अनावश्यक इस्तक्षेप कर रहे हैं और दूसरी तरफ कहते हैं कि हम उन के ऊपर क्या कर रहे हैं? महोदय, मैं बार-बार कहना चाहता हूं कि यह उत्तरदायित्व राज्य सरकार का है और उन्हीं के विवेक और संवेदनशीलता के ऊपर हमें निर्भर करना पड़ता है। अभी तक तो यही व्यवस्था है और यह व्यवस्था ठीक भी लगती है। जहां तक "पेस्ट अटेक" को नेशनल कैलामिटी की परिभाषा में सम्मिलित करने का प्रश्न है, मुझे पूरी सूचना तो नहीं है, पर हाल में पता लगा कि माननीय गुजराल साहब के प्रधान-मंत्रित्व वाली सरकार ने ऐसा निर्णय किया है। मैं उस निर्णय को माननीय सांसद को भेज दूंगा और यह जो व्यवस्था है, दसवें वित्त आयोग द्वारा जो संस्तुतियां की गयी थीं जो राष्ट्रीय विकास परिषद् ने स्वीकृत की है और सारे राज्यों के मुख्य मंत्रियों ने स्वीकृत की है। इस को कैसे प्रशासित किया जाय, कैसे इस का उपयोग किया जाए, उस की क्या मॉडलिटीज हैं, क्या तरीके हैं, वह सब निर्धारित उन्हीं के अनुसार किया जा रहा है। माननीय गुरुदास दासगुप्त जी ने ममता जी के विषय में कहा। तो सिवाय इस के कि उन्होंने ही सब से पहले प्रधान मंत्री जी को संपर्क किया, इच्छा व्यक्त की और जहाज में जाना था। यदि आप भी होते तो हम आप को भी ले जाते। इस में कोई ऐसी बात नहीं है कि उस का कोई हम ने राजनीतिक रूप रखा हो। जहां तक मैंने वहां जो देखा, उस के संबंध में....

whatever I observed, I told you. Mr. Gurudas Das Guppta, you are taking exception to the politicisation, and you are constrained to draw some kind of inferences. I do not know for what reasons, I would not conceal it. They were just observations which we observed and which we saw in our presence, and I would like to repeat it that the complaints were so many in Sarta and Sonkanya. There was no complaint by hundreds of people who had collected and gathered in Gobarghata villlage of Orissa. Everybody expressed satisfaction. I spoke to hundreds of people and there is no reason why I should make a statement which is not based on facts. It is just a statement based on facts and nothing else. I myself observed it. There are certain things which I will tell you, which could be taken exception to. But I will let you know about them later on. I will not speak about them on the floor of the House. I don't mean any comparison, and at least, an intentional comparison, between the two States. So far as the timing and other things are concerned, I have already replied to them.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: When was the Government of West Bengal informed?

SHRI SOM PAL: The same evening by the Prime Minister's office that the delegation was reaching. *(Interruptions)* The message was sent to the Chief Secretary of the West Bengal Government, wherever he was. Again, in respect of long term measures, I need not repeat the remarks. So far as the meeting of the Sub-committee is concerned, I would repeat that this is done only after all the details are submitted by the respective State Governments. Then it comes into action. So far as the additional relief is concerned, it is provided only in matters of...*(Interruptions)*

SHRI PRANAB MUKHERJEE: (West Bengal) Mr. Som Pal, on this

point, I would like to know whether the Committee has been constituted because the Prime Minister is to nominate five Chief Ministers, whether that Commitee has been consituted by this time.

SHRI SOM PAL: Mr. Chiarman, I can't say offhand and I will find it out and inform you.

And this is done only in cases of a calamity which is of a rare severity and such a dimension that the State Governments are not capable of meeting th requirements from their own funds or from the ongoing schemes. So far as the loan and other things are concerned, this does not fall under the domain of emergent measures.

Ramoowaliaji suggested building of residential schools. ...*(Interruptions)*...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: In the long term whose concern is it?

SHRI SOM PAL: Everybody's there are so many agencies— the Planning Commission, the Government of India, various Ministries and the State Governments.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I am only trying to find out which the nodal agency is: who will initiate steps for drawing up permanent rehabilitation schemes. The people are in distress. I would like to know who will do it. If the Committee will meet after receiving the reports from the Government of West Bengal, have you asked them to give the reports so that the Committee can meet? If the Commitee has not been constituted, how will it meet? The whole gamut of the question is how and when a plan for long-drawn rehabilitation schemes will be taken up for consideration.

SHRI SOM PAL: Sir, so far as the long-term measures are concerned, I would very humbly submit that this is not the subject for discussion today and, therefore, I would not like to dwell on this now, and for want of time. Residential school buildings, as suggested by Ramoowaliaji, it again falls in the same category.

Crop insurance, yes, we are trying to find out perfect modalities about crop insurance, but currently there is no proposal to adopt these two Districts. It is a contributory effort. Everybody is talking about crop insurance in a manner of raising slogans. It has to be contributory. For the entities that you seek to be insured, they have to contribute premium, and it is based on experience what kind of premium, what kind of scale of compensation is to be provided for. So, just talking about crop insurance in a casual manner will not help. It has to be a comprehensive scheme with all the modalities. And it does not being to the subject for duscussion today.

Biblab Dasguptaji's questions, I have already replied to them and I would not venture into contesting his definition. I am depending on the IMD's definition.

माननीय श्री विष्णुकांत शास्त्री जी ने पूछा कि स्वयंसेवी संगठनों को रोका या नहीं रोका? हमें इसकी जानकारी नहीं है। वह तो बंगाल जाकर के ही पता लग सकता है, इस समय तो हमें किसी ने नहीं बताया।...(व्यवधान)... रेजिडेन्ट कमीश्नर के विषय में कह चुका हूं, उन्होंने कोई सहायता नहीं मांगी। यहां तक आपने कहा कि कुछ राशियां अव्ययी पड़ी थीं, तो वह इसलिए पड़ी होंगी कि अभी आवश्यकता नहीं थी। ऐसा प्रिजम्पशन है।

संजय निरूपम जी ने मौसम विभाग का कहा, मैं वक्तव्य में पहले ही कह चुका हूं कि यह इतनी

आकस्मिक घटना होती है कि इसकी पूर्व सूचना, खासतौर से ठीक स्थान, किस समय और कितने समय के लिए घटेगी, यह बताना संभव नहीं है, ह्युमनली पोसिब्ल नहीं है। ऐसा कहीं नहीं हुआ अभी तक। यहां रेडियो, टी० वी०, नहीं है वहां कैसे गई सूचना, तो यह सिर्फ एक संभावित क्षेत्र के विषय में कहा जा सकता है, पर वह इतने कम क्षेत्र को प्रभावित करता है कि यह नहीं कहा जा सकता है कि यह क्षेत्र प्रभावित होगा, इतनी देर तक होगा, इतना नुकसान होगा। महाराष्ट्र में ओलावृष्टि की आपने चर्चा की और महाराष्ट्र को दी गई राशि के विषय में पूछा, इस प्रकार की मांग बहुत से राज्यों से आ रही है, पर चूंकि आपने महाराष्ट्र के विषय में पूछा, तो मैं आपको बताना चाहूंगा कि महाराष्ट्र ने बाढ़, भारी वर्षा, ओलावृष्टि और सूखा के कारण हुई क्षति के संबंध में मांग भेजी थी और उनको 53.98 करोड़ रुपए की राशि अवमुक्त की जा चुकी है। इस पूरे वर्ष की मैं कह रहा हूं।...(व्यवधान)...महाराष्ट्र सरकार को कुल 53.98 करोड़ की, मैं पहले ही कह चुका हूं कि इतनी राशि दी जा चुकी है पूरे वर्ष में और यह मांग कई प्रदेशों से आ रही है और जो पैस्ट अटैक की एक नई परिभाषा इसमें जोड़ दी गई है, इससे इसकी विषयावली का भी बहुत विस्तार होगा कि किस तरह इसको पूरा किया जाए। कई बार राजनीतिक कारणों से और बिना पूरी तरह विचार-विमर्श के इस तरह की बात करने से हानि होने की बात है। हम इस सारे को रिव्यू करेंगे समीक्षा करेंगे और मैं सदन को बताऊंगा। धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय। मैं पुनः धन्यवाद करना चाहता हूं माननीय सदस्यों का।

SHRI W. ANGOU SINGH (Manipur): Mr. Chairman, Sir, the hon. Minister has not given clarification to my question regarding the exclusion of Manipur from the list of States.

SHRI SOM PAL: Mr. Angou Singh, I have also not been able to find the name of Manipur. I will try to find out why it is not there and I will inform you. I undertake to inform the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Now the discussion on the Motion of Thanks on the President's Address. Shri Balwant Singh Ramoowalia.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS—CONTD.

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया (उत्तर प्रदेश): सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पैरा नम्बर, 4, 12, 15, 22, 28 और 36 पर मायूस

[उपसभाध्यक्ष (जी त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) पीठासीन हुए]

होकर अपने विचार व्यक्त कर रहा हूं। पैरा 28 में कहा गया है...(व्यवधान)...

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): सदर साहब, मैं यहां अकेला मिनिस्टर हूं, मैं चेयरमैन साहब से बात करने के लिए जा सकता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): वसीम साहब, सिकन्दर बख्त साहब थोड़ी देर के लिए जा सकते हैं?

श्री वसीम अहमद (उत्तर प्रदेश): बिल्कुल। हम इस वक्त कोई इन्कार नहीं करेंगे।

उपसभाध्यक्ष (जी त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): वसीम साहब की इजाज़त में पूरे सदन की इजाज़त है।

श्री बलवन्त सिंह रामुवालिया: तो मैं पैरा 28 में ...(व्यवधान)...

श्री वसीम अहमद: मैं आप ही की बात कह रहा हूं। उपसभाध्यक्ष जी, अब आप हाउस में देखिए कि पूरे हाउस में चार मैम्बर और मुश्किल से 10-12 लोग हैं, पूरा मीडिया खाली हो गया है। अब अगर सिर्फ हमको रिपोर्टिंग करानी है तो हम करा देंगे। जब कोई सुनने वाला नहीं है, कोई समझने वाला नहीं है तो बिना वजह ये खानापूर्ति हो रहा है। मेरी समझ में इससे कोई फायदा नहीं होगा हाउस को।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): जो सदस्य बोलना चाहते हैं, चर्चा में भाग लेना चाहते हैं, यहां आए हैं, उनको कम्प्लीट करा दें।

श्री वसीम अहमद: कल करा लीजिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): नहीं, कल संभव नहीं होगा।

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, I want to make a suggestion. Those hon. members who are present here intend to speak. You indicate those who are present here and